# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 31 अगस्त 2025











GET IT ON Google Play

Download App

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine


# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine


GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. हाल ही में भारत में विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी दुर्लभ जंगली बिल्ली 'कैराकल राजस्थान के किस टाइगर रिजर्व में देखी गई है?**

**(A) धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व**

(B) कुंभलगढ़ टाइगर रिजर्व

(C) सरिस्का टाइगर रिजर्व

(D) इनमें से कोई नही

- धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व में एक साथ दिखी दो दुर्लभ जंगली बिल्ली 'कैराकल'
- कैराकल बेहद शर्मीली और अक्सर अकेली रहने वाली बिल्ली की एक दुर्लभ प्रजाति है।
- भारतीय वन्य जीव संस्थान के सर्वेक्षण के अनुसार भारत में करीब 50 के आसपास कैराकल ही बची है।
- अधिकतर मिडिल ईस्ट, अफ्रीका, सेंट्रल एशिया के जंगलों में अधिक पाई जाती है।
- 1952 में चीतों के लुप्त होने के बाद ये दूसरी बिल्ली है जो भारत में विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी है। आईयूसीएन ने इसे रेड लिस्ट में शामिल कर रखा है

## Yesterday Revision

⭕. राजस्थान से किसे वर्ष 2023 के लिए मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा प्रदत्त अखिल भारतीय आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?-डॉ. राजेश कुमार व्यास

⭕. राजस्थान में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर राजस्थान में भी खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन किए जाने की घोषणा किसने की है?- भजनलाल शर्मा

⭕. हाल ही में राजस्थान के बीकानेर में स्थित स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु का अतिरिक्त कार्यभार किसने ग्रहण किया है?-प्रो. अखिल रंजन गर्ग

⭕. राजस्थान में राज्य स्तरीय रंगीला रत्न अवार्ड 2025 से किसे नवाजा गया है?-बसंती कुमावत

⭕. हाल ही में योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 24वीं राजस्थान राज्य योगा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन कहां किया गया?-भीलवाड़ा में

01. राजस्थान का पहला कंगारू मदर केयर (केएमसी) लाउंज किस जिले के खेरवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित किया गया है?

(A) बीकानेर

(B) उदयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

⭕ राजस्थान का पहला कंगारू मदर केयर (केएमसी) लाउंज उदयपुर जिले के खेरवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित किया गया है। यह इकाई मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने की एक अभिनव पहल होगी।

⭕ कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में अप्रैल 2025 में केएमसी लाउंज के मॉडल विकास की पहल की गई थी, जिसे अगस्त 2025 तक एक अभिनव मॉडल के रूप में स्थापित किया जाना है

⭕ कंगारू मदर केयर यूनिट जीरो सेपरेशन पॉलिसी पर आधारित है। इसके अंतर्गत माँ और शिशु को अलग किए बिना एक साथ रखने की व्यवस्था की गई है।

02. पशु कल्याण बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा पांच वर्षों में राज्यों को दिए अनुदानों के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान देश में कौनसे स्थान पर है?

(A) पहले

(B) तीसरे

(C) दूसरे

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- पशु कल्याण बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा पांच वर्षों में राज्यों को दिए अनुदानों के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान देश में शीर्ष पर है।
- वर्ष 2020-21 से 2024-25 के बीच राज्य के पशु कल्याण संगठनों और गौशालाओं को 5.57 करोड़ मिले।
- यूपी दूसरे व हरियाणा तीसरे, एमपी चौथे स्थान पर
- इसमें पशु आश्रय गृह, एंबुलेंस सेवाएं, प्राकृतिक आपदा राहत, और नियमित व रेस्क्यू मवेशी अनुदान हैं
- लोकसभा में रखे आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान में 419 पशु कल्याण संगठन लाभान्वित हुए।
- सबसे अधिक राशि – नियमित व रेस्क्यू मवेशी अनुदान के अंतर्गत दी गई।

03. हाल ही में राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक (SEEI) 2024 रिपोर्ट में राजस्थान को किस राज्य के रूप में वर्गीकृत किया गया है?

(A) कॉन्टेंडर

(B) अचीवर्स

(C) शीर्ष प्रदर्शन करने वाले

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- 29 अगस्त को जारी की गई राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक (SEEI) 2024 रिपोर्ट में असम, त्रिपुरा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश को 2023-24 के लिए ऊर्जा दक्षता प्रदर्शन में 'शीर्ष प्रदर्शन करने वाले' राज्यों के रूप में मान्यता दी गई है।
- SEEI 2024 ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ऊर्जा दक्षता प्रदर्शन का मूल्यांकन किया
- हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, ओडिशा और उत्तर प्रदेश को (प्रतिस्पर्धी)'कॉन्टेंडर' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- सूचकांक के छठे संस्करण में 66 संकेतकों के साथ एक उन्नत कार्यान्वयन-केंद्रित ढांचा शामिल किया गया है, जो कि भवन, उद्योग, नगरपालिका सेवाएं, परिवहन, कृषि, बिजली वितरण कंपनियों और क्रॉस-सेक्टर पहलों सहित सात प्रमुख मांग क्षेत्रों में फैला हुआ है।

04. कजाकिस्तान में आयोजित 16वीं एशियन चैम्पियनशिप में राजस्थान की मानिनी कौशिक ने टीम स्पर्धा में कौनसा पदक जीता है?

(a) स्वर्ण पदक

(b) रजत पदक

(c) कांस्य पदक

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

⭕ राजस्थान से युवा भारतीय निशानेबाज मानिनी कौशिक ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल करने के साथ ही टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता

⭕ मानिनी (617.8), सुरभि भारद्वाज (614.4) और विनोद विदर्सा (613.8) की तिकड़ी ने कुल 1846 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया।

⭕ जयपुर की 24 साल की निशानेबाज मानिनी ने 50 मीटर राइफल प्रोन इवेंट में 617.8 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता।

⭕ कजाकिस्तान के शिमकेंट में 16 से 30 अगस्त 2025 तक आयोजित 16वीं एशियाई शूटिंग (शॉटगन) चैम्पियनशिप आयोजित हुई

**05. राजस्थान सरकार ने स्कूल और कॉलेज जाने वाले छात्रों की सुरक्षा के लिए कौनसी योजना शुरू की है?**

(A) सेफ स्कूल योजना

(B) सरल सफर योजना

**(C) सुरक्षित सफर योजना**

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान की सरकार ने स्कूल और कॉलेज जाने वाले छात्रों की सुरक्षा के लिए अहम कदम उठा रही है. इसके तहत सरकार नई योजना शुरू कर रही है जिसका नाम है 'सुरक्षित सफर योजना'.

⭕ योजना का मकसद बच्चों की स्कूल यात्रा को सुरक्षित और मानकों के अनुरूप बनाना है. इसके तहत सभी स्कूल बसों को अनिवार्य रूप से विशेष परमिट, वैध पंजीकरण, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र रखना होगा.

⭕ योजना को तीन चरणों में लागू किया जाएगा

⭕ 1 से 07 सितम्बर 2025 तक जनजागरूकता अभियान चलेगा.

⭕ 8 से 15 सितम्बर 2025 तक बसों की जांच और दस्तावेज़ों का सत्यापन किया जाएगा.
16 से 30 सितम्बर 2025 तक वाहनों का पंजीकरण और अंतिम सत्यापन कार्य पूरा होगा

**06. राजस्थान के किस खिलाड़ी को सीनियर वर्ग में प्रतिष्ठित मथुरादास माथुर क्रिकेट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा?**

(A) कार्तिक शर्मा

(B) यथार्थ भारद्वाज

(C) महिपाल लोमरोर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान के रणजी ट्रॉफी स्टार महिपाल लोमरोर को सीनियर वर्ग में प्रतिष्ठित मथुरादास माथुर क्रिकेट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।
- जूनियर वर्ग में कार्तिक शर्मा और सब जूनियर वर्ग में यथार्थ भारद्वाज को पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- पूर्व रणजी खिलाड़ी वेद आहूजा की अध्यक्षता वाली चयन समिति की हुई बैठक में खिलाड़ियों के वर्षभर के प्रदर्शन के आधार पर चयन किया गया।
- महिपाल लोमरोर को इससे पहले 2017 में भी सीनियर वर्ग में इस पुरस्कार से नवाजा गया था।
- राजस्थान ब्लूज क्रिकेट क्लब द्वारा ये पुरस्कार 6 सितम्बर को स्व. मथुरादास माथुर के जन्म दिन के मौके पर दिए जाएंगे।

07. इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड 2025 में जयपुर के अपम निधि पांडेय ने कौनसा मेडल जीता?

(A) सिल्वर मेडल

(B) ब्रोंज मेडल

(C) गोल्ड मेडल

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड 2025 में जयपुर के अपम निधि पांडेय ने सिल्वर मेडल जीता।
- उन्होंने चीन के जिनिंग शहर में आयोजित इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड (IESO-2025) में रजत पदक हासिल किया।
- यह प्रतियोगिता 7 से 17 अगस्त तक आयोजित की गई

08. राजस्थान में पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस कब मनाया जाएगा?

(a) 14 दिसम्बर 2025

(b) 10 दिसम्बर 2025

(c) 01 दिसम्बर 2025

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार 9-10 दिसम्बर को 'राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव-2025' आयोजित करेगी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 10 दिसम्बर को पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस भी मनाया जाएगा।
- उद्देश्य – रणनीतिक औद्योगिक गठबंधन व साझेदारी को बढ़ावा देना।
- इस सम्मेलन से पहले दिल्ली, हैदराबाद, सूरत और कोलकाता में राष्ट्रीय रोड शो तथा संयुक्त अरब अमीरात में एक अंतर्राष्ट्रीय रोड शो आयोजित किया जाएगा।
- गौरतलब है कि दिसंबर, 2024 में आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 में 35 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

## 09. भारत का पहला टेम्पर्ड ग्लास प्लांट कहां शुरू हुआ है?

(A) मुंबई

(B) गुरूग्राम

(C) नोएडा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

⭕ भारत का पहला टेम्पर्ड ग्लास प्लांट नोएडा में शुरू हुआ

⭕ ऑप्टिमस इंफ्राकॉम ने उत्तर प्रदेश के नोएडा में भारत के पहले टेम्पर्ड ग्लास निर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया है।

⭕ केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस संयंत्र का उद्घाटन किया, जिसमें इंजीनियर्ड बाय कॉर्निंग™ तकनीक का उपयोग किया गया है।

⭕ इस संयंत्र की उत्पादन क्षमता पहले चरण में 2.5 करोड़ यूनिट प्रति वर्ष है, जिसका पूंजीगत व्यय ₹70 करोड़ है और इससे 600 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

**10. भारत ने जैव अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय बायोफाउंड्री नेटवर्क कब शुरू किया है?**




(A) 25 अगस्त

**(B) 27 अगस्त**

(C) 29 अगस्त

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जैव अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय बायोफाउंड्री नेटवर्क शुरू किया गया
- भारत ने बायोई3 नीति (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, रोजगार) के तहत अपना पहला राष्ट्रीय बायोफाउंड्री नेटवर्क (NBN) लॉन्च किया, जिसका लक्ष्य 2030 तक 300 बिलियन डॉलर की जैव अर्थव्यवस्था हासिल करना है।
- 27 अगस्त 2025 को इस पहल का अनावरण केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने किया।
- NBN छह प्रमुख जैव प्रौद्योगिकी संस्थानों का एक सहयोगी मंच है, जिसका उद्देश्य जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान को बाजार-तैयार समाधानों में बदलना है।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 24वीं राजस्थान राज्य योगा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन कहां किया गया?**

(A) भीलवाड़ा में

(B) अजमेर में

(C) कोटा में

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266




GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine